SCHOOL OF PHARMACY & RESEARCH

5th October 2020

Workshop on Disaster Management

भोपाल, बुधवार 07 अक्टूबर 2020 11

नुकसान को कम करने की योजना है आपदा प्रबंधन

रिपोर्टर • IamBhopal
Mobile no. 9827080406

पीपुल्स विश्वविद्यालय में आपदा प्रबंधन पर हुई कार्यशाला

पीपुल्स विश्वविद्यालय भोपाल के कर्मचारियों के लिए आपदा प्रबंधन पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। पीपुल्स कॉलेज ऑफ पैरामेडिकल साइंस एंड रिसर्च सेंटर के प्राचार्य डॉ. पीआर सुरेश द्वारा विभिन्न प्रकार के आपदाओं के बारे में जानकारी दी। डॉ. नीरज उपमन्यु ने बताया आपदा प्रबंधन एक आकस्मिक घटना है , जो किसी समाज या समुदाय के कामकाज को गंभीर रूप से प्रभावित करती है एवं मानव सामग्री एवं और पर्यावरणीय नुकसान का कारण होती है। आपदा प्रबंधन आपदाओं के कारण होने वाले खतरों को कम करने के लिए एक सुनियोजित रणनीति है। आपदा प्रबंधन हालांकि खतरों को टालने या खत्म नहीं करता है, यह आपदाओं के प्रभाव को कम करने के लिए योजना तैयार करने पर केंद्रित होता है। विश्वविद्यालय की अग्निशमन विभाग द्वारा मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया फायर विभाग के कर्मचारियों द्वारा फायर सूट पहनकर आग में चलने और पीड़ितों को बचाने, निकास एवं आग को नियंत्रण करने के तरीकों का प्रदर्शन किया गया।

कर्मचारियों के कोविड में किए कार्यों की सराहना

कार्यक्रम के अंत में पीपुल्स विश्वविद्यालय की डायरेक्टर एवं ट्रस्टी मेघा विजयवर्गीय ने सभी कर्मचारियों को कोविड - 19 के दौरान उनके द्वारा किए गए कार्य एवं फायर विभाग के कर्मचारियों के द्वारा अत्यधिक बारिश के कारण निर्मित परिस्थितियों में अच्छे कार्य की सराहना की। भारत में राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण की स्थापना देशभर में प्राकृतिक या मानव निर्मित आपदाओं की प्रतिक्रियाओं के समन्वय के लिए की गई है।

SCHOOL OF PHARMACY & RESEARCH • BHOPAL •

SCHOOL OF PHARMACY & RESEARCH

SCHOOL OF PHARMACY & RESEARCH * BHOPAL *